p>

Title: Need to set up water pump and water tank operated by solar lights in Pratapgarh, Uttar Pradesh.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): महोदय, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे जिले से संबंधित एक महत्वपूर्ण विषय है । मेरे जिले में 14 विकास खंड हैं । यह डार्क जोन घोषित हो गया है । अगर किसान चाहे तो भी वहां शासकीय सहायता से बोरिंग नहीं करा सकता है ।

महोदय, सई नदी, बकुलाही और चमरौधा नदी के किनारों की हालत इतनी खराब है कि अधिकांश पुराने हैण्ड पंप खारे पानी से जंग खाकर गल गए हैं । कुछ अवशेष भी हैं, जिनमें नमक सरीखा पानी आता है । इसे अगर जहर कहा जाए, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी । यहां गरीब आदमी चार किलोमीटर दूरी से पानी लाकर अपना जीवनयापन कर रहा है ।

महोदय, कई गांवों में फ्लोराइड की अधिकता से वहां के लोग विकलांग होते जा रहे हैं । इस हालत में मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने हर घर नल का जल योजना के माध्यम से इस वेदना को समझकर प्रथम चरण में सम्मिलित किया है । बड़ी योजना के लागू होने में थोड़ा समय लगता है, हम आपके माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि प्रतापगढ़ की क्रिटिकल समस्या के तत्कालीन निदान हेतु केन्द्र सरकार सोलर लाइट से चलने वाली पानी की टंकी और पम्प स्थापित कराने की कृपा करें । धन्यवाद ।